हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08  अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने होर्मुज़ जलडमरू मध्य खोलने की शर्त पर ईरान के साथ दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की है। यह घोषणा उनके द्वारा दी गई उस समयसीमा से ठीक पहले आई है, जिसमें उन्होंने ईरान के बुनियादी □ांचे पर भीषण हमले की चेतावनी दी थी। इस बीच, दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। शेयर बाजारों में भी उछाल आया है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर से नीचे गिर गई है, करीब 16 प्रतिशत की गिरावट के साथ यह 92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है।

-------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चल रहे हैं और पेट्रोल तथा डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

सुश्री शर्मा ने कहा कि एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी भी सुचारू रूप से जारी है और ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 96 प्रतिशत तक हो गई है। उन्होंने कहा कि कुल वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन संकट-पूर्व स्तरों के लगभग 70 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने पांच किलो के एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री दोगुना करने का नया आदेश जारी किया है।

---

हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने पूरे हरियाणा में जलघरों में लगे फिल्टर की जांच के निर्देश दिए है। इस बारे में प्रदेश के सभी कार्यकारी अभियंता बकायदा रिपोर्ट जमा करेंगे। इसके अलावा उन्होंने गर्मियों के मद्देनजर पानी की व्यवस्था अभी से करने के निर्देश दिए है ताकि नहर बंदी के दौरान दिक्कत ना हो।उन्होंने कहा कि जहां पानी की कमी है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

श्री गंगवा चंडीगढ़ में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की गर्मी में पेयजल आपूर्ति और बारिश के मौसम में निकासी संबंधी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रदेश भर से विभाग के वरिष्ठ अभियंता, कार्यकारी अभियंता और उप-मंडलीय अभियंता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।मंत्री ने स्पष्ट कहा कि विभाग की ओर से आधारभूत संरचना में किसी भी प्रकार की कमी स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के बाद श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार हर घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

-------------------------------------------------------------

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज लोक भवन में उनके निजी सचिव शंख चटर्जी द्वारा लिखित दो पुस्तकों 'अद्वैत वेदांत-एक अनोखा दर्शन' और 'सामाजिक दृष्टिकोण में धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र' का विमोचन किया।

राज्यपाल ने कहा कि आध्यात्मिक विकास संसार से दूर जाने में नहीं, बल्कि सजग होकर इसमें सक्रिय भागीदारी करने और निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में है।उन्होंने कहा कि यह पुस्तकें न केवल बौद्धिक विमर्श को समृद्ध करेंगी , बल्कि पाठकों को जीवन, कर्तव्य और आध्यात्मिक समझ के गहरे आयामों पर विचार करने के लिए प्रेरित भी करेंगी।

-----------------------------------------------------------------------

अंबाला जिले में बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक ओर जहां खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई का काम प्रभावित हुआ है, वहीं जिन किसानों ने अभी तक कटाई शुरू नहीं की थी, उनके लिए भी स्थिति मुश्किल हो गई है । किसानों का कहना है कि बारिश होने से फसल भीग गई है, जिससे उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। खेतों में पानी भरने के कारण कटाई मशीनों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है।